कपड़ा उद्योग निगम, मध्य प्रदेश द्वारा रुई की खरीद

275. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कपड़ा उद्योग निगम, मध्य प्रदेश ने गत तीन वर्षों में वर्षवार किन-किन पार्टियों से कितनी-कितनी और कहां-कहां से रूई खरीदी है और क्या यह सच है कि रूई का खरीद-मूल्य निर्धारित कर दिए जाने के बावजूद उक्त निगम ने उससे अधिक मूल्य का भुगतान किया है और यदि हां, तो क्या सरकार मामले के पूरे तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच करायेगी ;

(ख) क्या कुछ ऐसे मामले सरकार के ध्यान में लाये गये हैं जिनमें कुछ पार्टियों और फर्मों ने रुई की वह किस्म सप्लाई नहीं की जो सैम्पल के रूप में दिखाई गई थी ; और यदि हां, तो ऐसे कितने मामले सरकार को बताये गये हैं और क्या सप्लायरों ने निगम के अधिकारियों से सांठ-गांठ करके अपने माल के लिए अनुमोदन प्राप्त कर लिया था; और

(ग) क्या इन कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए सरकार का विचार टैंडरों द्वारा माल खरीदने की प्रथा शुरू करने का है ·

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी आभा मयती) : (क) से (ग) शायद यह प्रश्न राष्ट्रीय वस्त्र निगम (म० प्र०) इन्दौर के सम्बध में है ।

इसके अधीन सात राष्ट्रीयकृत मिलों के सम्बन्ध में जानकारी इकट्ठी की जा रही है तथा भेज दी जाएगी ।

Demand of the Calcutta Dock Shramik Union

276. SHRI MOHD. HAYAT ALI: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the Calcutta Dock Shramik Union has demanded for the take over of stevedoring firms by Calcutta Port Trust;

(b) if so, the reaction of Government thereto; and

(c) when a final decision will be arrived at?

THE MINISTER OF STATE IN CHARGE OF THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI CHAND RAM): (a) No such demand has been received from the Union by Government.

(b) and (c). Do not arise.

जे० सी० बी० प्रेस तथा भारत सरकार मुद्रणालय के कर्मचारियों के वेतनमानों में असंगतियां

277. **श्री मही लाल :** क्या रक्षा मंत्री जे० सी० बी० प्रेस तथा भारत सरकार मुद्रणालय के कर्मचारियों के वेतनमानों में असंगतियों के बारे में 23 नवम्बर, 1977 अतारांकित प्रश्न संख्या 1210 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उक्त मामले में इस बीच कोई अन्तिम निर्णय कर लिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इस मामले में, जो 1974 से अनिर्णीत पड़ा है, असाधारण विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी नहीं ।